# अटल आवासीय विद्यालय समिति

द्वितीय तल, बी0–ब्लॉक, किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 (उ0प्र0),
**टेलीफोन: 91–522–2723921, टोलफ्री नं0–18001805412,**
ई–मेल: **samitiavs@gmail.com**


प्रेषक,

महानिदेशक,
अटल आवासीय विद्यालय, उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त/अध्यक्ष,
मण्डल स्तरीय अनुश्रवण, समिति, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः 1512-16/ए0वी0एस0(2248)2024 दिनांक– 06/12/2024

**<u>विषय</u> :– शैक्षणिक सत्र 2025–26 में अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा–6 व कक्षा–9 में बच्चों का प्रवेश लिये जाने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 शासन, श्रम अनुभाग–02 के पत्र संख्या–I/815712/2024-1703264 श्रम अनुभाग–2 दिनांक 05.12.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) पर अनुमोदन प्रदान करते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

उपर्युक्त के क्रम में अवगत कराना है कि दिनांक 07.10.2024 को आहूत विशेषज्ञ समिति की बैठक में अटल आवासीय विद्यालयों की कक्षा–06 एवं कक्षा–09 की शैक्षणिक सत्र 2025–26 की प्रवेश परीक्षा 25.12.2024 से 15.01.2025 तक संपन्न कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है।

तत्क्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा ''मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति'' के माध्यम से कराये जाने के क्रम में अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) पत्र के साथ संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अटल आवासीय विद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2025–26 की प्रवेश परीक्षा ससमय संपन्न कराने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

**<u>संलग्नक–यथोक्त।</u>**

भवदीया,

(गज़ल भारद्वाज)
महानिदेशक,
अटल आवासीय विद्यालय उ0प्र0।

पत्रांकः /ए0वी0एस0( )2024 दिनांक– / /2024

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रमुख सचिव, श्रम/अध्यक्ष, ए0वी0एस0 समिति को सूचनार्थ।
2. श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश, जी0टी0 रोड, कानपुर।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त अपर/उप श्रमायुक्त, क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
5. समस्त प्रधानाचार्य, अटल आवासीय विद्यालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(गज़ल भारद्वाज)
महानिदेशक,
अटल आवासीय विद्यालय उ0प्र0।

# अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु मानक संचालन प्रक्रिया का विवरण

उत्तर प्रदेश के 18 राजस्व मण्डलों में उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (UPBOCW बोर्ड) के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों व कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों (महिला कल्याण विभाग, लखनऊ से प्राप्त सूची के आधार पर) तथा मुख्यमंत्री बाल सेवायोजना (सामान्य) के लिए पात्र बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़े जाने हेतु उनके बौद्धिक व शारीरिक विकास के दृष्टिगत माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में श्रम विभाग के अधीन 1000 बच्चों की आवासीय क्षमता के अटल आवासीय विद्यालयों का प्रथम शैक्षणिक सत्र 2023–24 से प्रारम्भ किया गया है। इन विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में कक्षा–06 एवं 09 में प्रवेश लिया जाना है।

UPBOCW बोर्ड द्वारा अटल आवासीय विद्यालयों के संचालन की गुणवत्ता के दृष्टिगत "अटल आवासीय विद्यालय समिति" का गठन किया गयाहै।

प्रत्येक अटल आवासीय विद्यालयमें कक्षा 06 एवं कक्षा 09 में चयन परीक्षा के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर अधिकतम कक्षा 06 में 140 और कक्षा 09 में 140 उम्मीदवारों को प्रवेश दिया जाना है, जिसमें 140 छात्र तथा 140 छात्रायें होंगी।

अटल आवासीय विद्यालयों हेतु छात्रों की चयन प्रक्रिया मंडल संचालन अनुश्रवण समिति के द्वारा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित वित्तीय अनुश्रवण समिति के माध्यम से सम्पन्न करायी जायेगी। मण्डलीय जनपद के अतिरिक्त मण्डल के अन्य जनपदों में जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में परीक्षा सम्बन्धित समस्त कार्य कराये जायंगें।

अटल आवासीयविद्यालयों के सुचारु रूप से संचालन/अनुश्रवण हेतु शासनादेश संख्या–2113704/2022/श्रम–2 दिनांक 30.05.2022, संशोधित शासनादेश संख्या–2252886(1)/2022/श्रम–02 दिनांक 07.12.2022 एवं संशोधित शासनादेश संख्या–I/415432/2023 दिनांक 27.10.2023 द्वारा विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है–

## 1. राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन | अध्यक्ष |
| 2 | प्रमुख सचिव (श्रम) | सदस्य सचिव |
| 3 | सचिव, उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड | सदस्य |
| 4 | प्रमुख सचिव (माध्यमिक शिक्षा) | सदस्य |
| 5 | श्रमायुक्त, उ0प्र0 | सदस्य |

## 2. मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मण्डलायुक्त | अध्यक्ष |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | जिलाधिकारी सम्बन्धित जनपद | सदस्य |
| 3 | अपर/उप श्रमायुक्त सम्बन्धित मण्डल | सदस्य |
| 4 | जिला विद्यालय निरीक्षक, सम्बन्धित जनपद | सदस्य |
| 5 | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सम्बन्धित जनपद | सदस्य |
| 6 | प्रधानाचार्य, सम्बन्धित विद्यालय | सदस्य सचिव |
| 7 | संयुक्त निदेशक, शिक्षा विभाग के सम्बन्धित मण्डल | सदस्य |
| 8 | नवोदय विद्यालय/राजकीय इण्टर कालेज व राजकीय बालिका इण्टर कालेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य | मनोनित सदस्य |
| 9 | 10 वर्ष का विशिष्ट अनुभव/परास्नातक सहित शिक्षाविदों तथा राजकीय इण्टर कालेज व राजकीय बालिका इण्टर कालेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य | मनोनित सदस्य |
| 10 | डिप्टी कमीश्नर, नवोदय विद्यालय द्वारा नामित प्रधानाचार्य, नवोदय विद्यालय (सम्बन्धित मण्डल) | सदस्य |
| 11 | भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक (कर्मकार) प्रतिनिधि (सम्बन्धित मण्डल के मण्डलायुक्त द्वारा नामित) | सदस्य |

## 3. जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक विद्यालय की वित्तीय अनुश्रवण समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी, सम्बन्धित जनपद | अध्यक्ष |
| 2 | अपर/उप श्रमायुक्त | सदस्य |
| 3 | ए0सी0एफ0/वरिष्ठ कोषाधिकारी | सदस्य |
| 4 | जिला विद्यालय निरीक्षक, सम्बन्धित जनपद | सदस्य |
| 5 | प्रधानाचार्य, सम्बन्धित विद्यालय | सदस्य सचिव |

अटल आवासीय विद्यालयों में छात्र/छात्राओं के प्रवेश हेतु मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है, जिसमें मुख्य रूप से छात्रों की पात्रता, मंडलवार सीटों का आवंटन, प्रश्न पत्र का प्रारूप, परीक्षा कराना, परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं प्रवेश सम्बंधित कार्यवाही इत्यादि सम्मलित किया गया है।

**<u>आवेदन करने हेतु समस्त उम्मीदवारों के लिए पात्रता:-</u>**

अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा VI के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार का जन्म 01.05.2013 से पहले और 31.07.2015 (जिनमे उक्त तिथियां सम्मिलित हैं) के बाद नहीं होना चाहिए एवं कक्षा IX के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार का जन्म 01.05.2010 से पहले और 31.07.2012 (जिनमे उक्त तिथियां सम्मिलित हैं) के बाद नहीं होना चाहिए यह अनुसूचित जाति (एस.सी.), अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी) सहित सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों पर लागू होगा।

**श्रमिक के बच्चों के लिएः–** ऐसे अद्यतनीकृत रूप से विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो पंजीयन के उपरान्त दिनांक 30.11.2024 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों, उनके प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे पात्र होंगें।

**अनाथ बच्चों के लिएः–**अनाथ श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार वह बच्चे जो को विड से अनाथ हुए हैं, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हेतु ऐसे पात्र बच्चे कक्षा VIकेलिए जिनकी जन्म तिथि 01.05.2013 से पहले और 31.07. 2015(जिनमे उक्त तिथियां सम्मिलित हैं) के बाद नहीं होना चाहिए एवं कक्षा IX के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार का जन्म 01.05.2010 से पहले और 31.07.2012 (जिनमे उक्त तिथियां सम्मिलित हैं) के बाद नहीं होना चाहिए।

**सीटों का आरक्षण :–**कुल सीटो के स्थानों में 27% अन्य पिछड़ा वर्ग, 21% अनुसूचित जाति एवं 02% अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण का प्राविधान है।

- बालक और बालिकाओं के कुल सीटों का अनुपात 50:50 होगा।
- राज्य के मानदंडों के अनुसार "दिव्यांग बच्चों (अर्थातशारीरिक विकलांगता, श्रवण बाधित
और दृष्टि बाधित)" के लिए आरक्षण का प्रावधान है।

## (A) प्रवेश परीक्षा से पूर्व किये जाने वाले कार्य–

- मण्डल स्तर पर गठित मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत कर परीक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर निर्णय लेते हुये अधिकारियों की ड्यूटी लगाया जाना एवं उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जाना।
- प्रवेश प्रक्रिया को समय से सम्पादित करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा जनपद केC.D.O. अथवा A.D.M.को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया जायेगा।
- परीक्षार्थियों के प्रवेश परीक्षा हेतु न्यूनतम 400 परीक्षार्थियों की क्षमता वाले परीक्षा केन्द्रों को निर्धारित करना।
- आवेदन हेतु प्रेस विज्ञप्ति सम्बन्धित नोडल अधिकारी द्वारा कम से कम 02 समाचार–पत्रों में जारी करना।
- गोपनीय परीक्षा सामग्री परीक्षा केन्द्रों पर समय से उपलब्ध करायी जायेगी।
- आवेदन पत्र के प्रारूप संलग्न–01 को छपवाना एवं श्रम कार्यालयों/जनपद स्तर पर लिये गये निर्णय के क्रम में चिन्हित कार्यालयों/स्थलों के माध्यम से अभ्यर्थियों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना।
- पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा निर्धारित तिथि से पूर्व श्रम कार्यालयों/जनपद स्तर पर लिये गये निर्णय के क्रम में चिन्हित कार्यालयों/स्थलों पर जमा कराये जायेंगे।

• भरे गए आवेदन पत्र की श्रमिकों की पात्रता के अनुसार जॉच एवं छंटनी उपश्रमायुक्त कार्यालय के माध्यम से एवं अनाथ बच्चों के आवेदन पत्रों की जाँच एवं छटनी जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल ऑफ़िसर के माध्यम से किये जाने के उपरांत BIODATA दो प्रतियों में तैयार कर ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति को उपलब्ध कराया जायेगा ।

• नोडल ऑफिसर से प्राप्त रिपोर्ट ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण के उपरांत मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति को अवलोकन एवं संस्तुति हेतु प्रेषित की जायेगी एवं अनुमति के आधार पर प्रवेश पत्र जनपदीय समिति द्वारा निर्धारित कार्यालयों के माध्यम से जारी किये जायेंगे।

• मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समितिप्रवेश परीक्षा जनवरीमाह के तृतीय सप्ताह में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगी।

• प्राप्त आवेदनो को सूचीबद्ध कराते हुये इलेक्ट्रानिक माध्यम से डाटा संकलित करते हुये अभ्यर्थी का प्रवेश परीक्षा केन्द्र निर्धारित करना।

• प्रवेश परीक्षा से कम से कम 01 सप्ताह पूर्व अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत करना।

• उक्त कार्यों हेतु प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना।

• प्रवेश परीक्षा हेतु प्रश्न--पत्र प्रत्येक मण्डल पर मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति द्वारा तैयार कराना ।

• प्रश्न पत्र प्रणाली संलग्नक–04 के अनुसार होगी।

• प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों की समस्त व्यवस्था एवं कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाना।

## (B) प्रवेश परीक्षा के दिन किये जाने वाले कार्य–

• प्रवेश परीक्षा के दिन नोडल अधिकारी की देख–रेख में सभी परीक्षा केंद्रों पर समस्त बंदोबस्त किये जाएंगे।

• सभी परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समय से प्रश्न–पत्र केन्द्र व्यवस्थापक को उपलब्ध कराना।

• प्रवेश परीक्षा क़े उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन कर निर्धारित केन्द्र पर जमा कराना।

## (C) प्रवेश परीक्षा के उपरान्त किये जाने वाले कार्य–

• उत्तर पुस्तिकाओं की जॉच के उपरान्त रिजल्ट तैयार कराना।

• प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट घोषित कराना एवं नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना।

• विद्यालय स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया से सम्बन्धित कार्य कराना।

• प्रवेश के लिए अनंतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों के माता–पिता को सत्यापन के लिए प्रवेश के समय निम्नलिखित दस्तावेज जमा करने होंगे:--

1. जन्म तिथि के लिए जन्म–प्रमाण।
2. निर्धारित नियमों के अनुसार पात्रता के प्रमाण।
3. आरक्षित श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए जाति प्रमाण--पत्र।

**प्रवेश परीक्षा के परिणाम की घोषणा–**

परीक्षा परिणाम के आधार पर संलग्न विवरण के अनुसार उपलब्ध सीटों पर प्रति विद्यालय 140–140 बालक–बालिकाओं का चयन किया जाना है एवं चयनित छात्रों की सूची विभिन्न कार्यालयों (सम्बंधित अटल आवासीय विद्यालय, ज़िलाधिकारी कार्यालय, ज़िला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सम्बंधित उपश्रमायुक्त कार्यालय, अटल आवासीय विद्यालय समिति, मुख्यालय) में उपलब्ध करायी जायेगी एवं अटल आवासीय विद्यालय की साइट पर भी अपलोड किया जायेगा।

नोटः चयनित छात्रों की सूची के साथ पर्याप्त मात्रा में प्रतीक्षा सूची भी विद्यालय स्तर पर रखी जाये।

**प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्रों की काउन्सलिंग के सम्बंध में निर्देश–**प्रधानाचार्य विद्यालय स्तर पर प्रवेश समिति गठित कर 02 सप्ताह के अंदर छात्रों को प्रवेशित करेंगें।

**चयनित छात्रों के अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश से सम्बंधित निर्देश–**काउन्सलिंग के उपरांत योग्य छात्रों को अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेशित करते हुए समस्त आवासीय व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी।

**प्रवेशित/अप्रवेशित छात्रों की अंतिम सूची (कारण सहित)–**प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय द्वारा अंतिम सूची तैयार कर सम्बंधित मंडलायुक्त कार्यालय, ज़िलाधिकारी कार्यालय, ज़िला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, समबंधित उपश्रमायुक्त कार्यालय, अटल आवासीय विद्यालय समिति, मुख्यालय लखनऊ में उपलब्ध करायी जायेगीएवं अटल आवासीय विद्यालय की साइट पर भी अपलोड की जायेगी।

**एस0ओ0पी0 में वर्णित कार्य हेतु वित्तीय प्राविधान–**एस0ओ0पी0 में उल्लिखित कार्य हेतु प्रत्येक जनपद को रू0 1,00,000/–(रू0 एक लाख मात्र) एवं मण्डलीय जनपद जहाँ पर प्रवेश परीक्षा आयोजित करायी जानी है को रू0 3,00,000/–(रू0 तीन लाख मात्र) की धनराशि का वित्तीय प्राविधान किया जा रहा है।

**संलग्नक--1**

(आवेदन पत्र का प्रारूप)

## अटल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा– 2025

## आवेदन पत्र कक्षा 06 / कक्षा 09

उम्मीदवार का पासपोर्ट साइज फोटो

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि ....................................

निम्नलिखित जानकारी सही–सही भरें।

1. छात्र (आवेदक) का नाम ......................

2.अटल आवासीय विद्यालय के मण्डल का नाम जिसके लिए आवेदन करने का इच्छुक है ..............................................................................................................................................

3. (क) उम्मीदवार का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में ......................

(ख) पिता का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में ........................

(ग) माता का नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में ........................

(घ) अभिभावक का नाम और संबंध, यदि कोई हो.......................

4.(क) उम्मीदावार की जन्मतिथि अंकों में–

| D | D | M | M | Y | Y |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

(ख)उम्मीदावार की जन्मतिथि शब्दों में..........................

5. (क) उम्मीदवार का वर्ग चिन्हित करें

| श्रमिक | अनाथ |
|---|---|
| | |

(ख) उम्मीदवार का लिंग (1/2/3) चिन्हित करें। अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र के अनुसार (5/6/7) चिन्हित करें तथा अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार (4) में चिन्हित करें :–

| लड़का | लड़की | ट्रांसजेण्डर | अनारक्षित | अनुसूचित | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

(ग) विकलांगता की प्रकृति यदि कोई हो कृपया चिन्हित करें :–

| अस्ति विकलांगता | दृष्टि बाधित | श्रवण बाधित |
|---|---|---|
| | | |

(घ)उम्मीदवार का पहचान चिन्ह..............................................

6. (क) राष्ट्रीयता..............................................

(ख) धर्म..............................................

7. (क) वर्तमान डाक का पता.............................. .... .....

आवास संख्या..............................................

मोहल्ला/ग्राम का नाम.............................. ....... ...

ब्लॉक का नाम..............................................थाना का नाम......................................

पोस्ट ऑफिस..............................पिन कोड..............................................

जनपद..............................................

मण्डल..............................................

(ख) मो0नं0..............................................ई–मेल..............................................................

8. श्रमिक श्रेणी में आवेदन हेतु सूचनाः–

(क) श्रमिक (आवेदक के पिता/माता) का पंजीयन संख्या..............................................

(ख) पंजीयन तिथि..............................

9. कक्षा 06 में नामांकन हेतुः–

उम्मीदवार के विद्यालय का विवरण जहाँ वह पढ़ रहा है।

(क) विद्यालय का नाम..............................

(ख) ब्लॉक का नाम..............................जनपद का नाम........................

(ग) कक्षा जिसमें वर्तमान में पढ़ रहा है में प्रवेश की तिथि एवं वर्ष..............................................

............

(घ) कक्षा 05उत्तीर्ण होने की तिथि और वर्ष........................... कक्षा 06 में प्रवेश हेतु।

10. कक्षा 09 में नामांकन हेतुः–

उम्मीदवार के विद्यालय का विवरण जहाँ वह पढ़ रहा है।

(क) विद्यालय का नाम..............................

(ख) ब्लॉक का नाम..............................जनपद का नाम.........................

(ग) कक्षा जिसमें वर्तमान में पढ़ रहा है में प्रवेश की तिथि एवं वर्ष..............................................

............

(घ)कक्षा 08उत्तीर्ण होने की तिथि और वर्ष........................... कक्षा 09 में प्रवेश हेतु।

11. परीक्षा का माध्यम (चिन्हित करें) हिन्दी ☐ अंग्रेजी ☐

..............................................

12. आवेदक/उम्मीदवार का हस्ताक्षर

13. माता/पिता/अभिभावक का घोषणा–

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि जिस स्कूल में मेरा बच्चा/पाल्य ने अध्ययन किया है/कर रहा है। वह एक मान्यता प्राप्त स्कूल है और आवश्कताओं के अनुसार सभी पात्रता मानदंडो को पूरा करता है। यदि मेरे द्वारा प्रदान की गयी कोई जानकारी गलत पायी जाती है, तो अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के बाद भी मेरे बच्चें/पाल्य की उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर रद्द कर दी जायेगी। मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि भविष्य में मेरे द्वारा उपरोक्त डाटा/सूचना में कोई बदलाव का अनुरोध नही किया जायेगा।

माता/पिता के हस्ताक्षर.................................. प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित

अभिभावक यदि कोई है, तो के हस्ताक्षर..................... हस्ताक्षर एवं मोहर

........................................................................................ ........................................................

..................

**पावती**

उम्मीदवार /आवेदक का नाम.............................. ..............................

पिता/अभिभावक का नाम......................................................................

आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि.......................................................

प्राप्तकर्ता का नाम व हस्ताक्षर

**संलग्नक– 2**

**(प्रवेश पत्र प्रारूप)**

**अटल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा–2025**

**प्रवेश–पत्र कक्षा 06/कक्षा 09**

उम्मीदवार का पासपोर्ट साइज फोटो

उम्मीदवार का रोल नं0.....................................................

उम्मीदवार का नाम............................................................................

उम्मीदवार के माता/पिता/अभिभावक का नाम...............................................

.............

उम्मीदवार की जन्म तिथि..............................................

उम्मीदवार का वर्ग (श्रमिक/अनाथ).................... ...................................

उम्मीदवार की श्रेणी– अनारक्षित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग

उम्मीदवार का लिंग–लड़का/लड़की/ट्रांसजेण्डर

विकलांगता की प्रकृति यदि कोई हो– शारीरिक विकलांगता /दृष्टि बाधित/श्रवण बाधित

पहचान चिन्ह...........................................

मोबाइल नं0.......................... ..........ई--मेल.......................................

परीक्षा की तिथि...................................................

परीक्षा केन्द्र का नाम / पता.......................................................................................................

| आवेदक का हस्ताक्षर | प्रवेश पत्र जारी करने वाले<br>अधिकारी का हस्ताक्षर / नाम व मोहर |
|---|---|

**संलग्नक - 3**

## तालिका 1 –आरक्षण के अनुसार कक्षा – 06 हेतु सीटों का वितरण मंडल स्तर पर

| क्र0सं0 | मण्डल का नाम | मण्डल कोड/जनपद कोड | प्रत्येक मंडल वार Seat वितरण (बालक) | | | | | | प्रत्येक मंडल वार Seat वितरण (बालिका) | | | | | | कुल सीट AAV |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल | UR | EWS | OBC | SC | ST | कुल | UR | EWS | OBC | SC | ST | |
| 1 | सहारनपुर | 01 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 2 | मुरादाबाद | 02 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 3 | मेरठ | 03 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 4 | अलीगढ़ | 04 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 5 | आगरा | 05 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 6 | बरेली | 06 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 7 | लखनऊ | 07 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 8 | कानपुर | 08 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 9 | झाँसी | 09 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 10 | चित्रकूट धाम बांदा | 10 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 11 | प्रयागराज | 11 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 12 | अयोध्या | 12 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 13 | देवीपाटन | 13 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 14 | बस्ती | 14 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 15 | गोरखपुर | 15 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 16 | आजमगढ़ | 16 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 17 | वाराणसी | 17 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 18 | मिर्जापुर | 18 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| | कुल | | 1260 | 540 | 126 | 324 | 252 | 18 | 1260 | 540 | 126 | 324 | 252 | 18 | 2520 |

## तालिका 2 –आरक्षण के अनुसार कक्षा – 09 हेतु सीटों का वितरण मंडल स्तर पर

| क्र0 सं0 | मण्डल का नाम | मण्डल कोड/ जनपद कोड | प्रत्येक मंडल वार Seat वितरण (बालक) | | | | | | प्रत्येक मंडल वार Seat वितरण (बालिका) | | | | | | कुल सीट AAV |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल | UR | EWS | OBC | SC | ST | कुल | UR | EWS | OBC | SC | ST | |
| 1 | सहारनपुर | 01 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 2 | मुरादाबाद | 02 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |

| क्र0 सं0 | मण्डल का नाम | मण्डल कोड/ जनपद कोड | प्रत्येक मंडल वार Seat वितरण (बालक) | | | | | | प्रत्येक मंडल वार Seat वितरण (बालिका) | | | | | | कुल सीट AAV |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कुल | UR | EWS | OBC | SC | ST | कुल | UR | EWS | OBC | SC | ST | |
| 3 | मेरठ | 03 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 4 | अलीगढ़ | 04 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 5 | आगरा | 05 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 6 | बरेली | 06 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 7 | लखनऊ | 07 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 8 | कानपुर | 08 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 9 | झाँसी | 09 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 10 | चित्रकूट धाम बांदा | 10 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 11 | प्रयागराज | 11 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 12 | अयोध्या | 12 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 13 | देवीपाटन | 13 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 14 | बस्ती | 14 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 15 | गोरखपुर | 15 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 16 | आजमगढ़ | 16 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 17 | वाराणसी | 17 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| 18 | मिर्जापुर | 18 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 70 | 30 | 7 | 18 | 14 | 1 | 140 |
| कुल | | | 1260 | 540 | 126 | 324 | 252 | 18 | 1260 | 540 | 126 | 324 | 252 | 18 | 2520 |

## संलग्नक- 4

### (प्रश्न पत्र प्रणाली)

चयन परीक्षा दो घंटे की अवधि के लिए सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होगी और कक्षा 06 हेतु प्रश्न पत्र प्रणाली तालिका 01 के अनुसार एवं कक्षा 09 हेतु प्रश्न पत्र प्रणाली तालिका 02 के अनुसार होगी।

**तालिका 01 कक्षा 06 हेतु प्रश्न सत्र तैयार करने के सम्बन्ध में।**

| टेस्ट का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|
| मानसिक क्षमता परीक्षण | 40 | 50 | 60 मिनट |
| अंकगणित परीक्षण | 20 | 25 | 30 मिनट |
| भाषा परीक्षण | 20 | 25 | 30 मिनट |
| योग | 80 | 100 | 2 घण्टे |

**तालिका 02 कक्षा 09 हेतु प्रश्न सत्र तैयार करने के सम्बन्ध में।**

| क्र0सं0 | टेस्ट का प्रकार | अंक |
|---|---|---|
| 01 | अंग्रेजी | 15 |
| 02 | हिन्दी | 15 |
| 03 | गणित | 35 |
| 04 | विज्ञान | 35 |
| | कुल | 100 |

- प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रश्न पत्रों के खण्डों के अनुरूप एक एकल परीक्षा पुस्तिका दी जाएगी। दिव्यांग छात्रों (सक्षम छात्रों) के लिए 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।
- अटल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में आयोजित की जायेगी।
- उम्मीदवार को द्विभाषीय (HINDI/ENGLISH) टेस्ट बुकलेट दी जाएगी जिसका उसने आवेदन पत्र में उल्लेख किया है।